# पहली बार स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स आइआइटी में रिसर्च से होंगे रूबरू

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हो रहे डवलपमेंट की जानकारी लेंगे, मई तक चलेगा समर कैंप

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर के सोफिस्टिकेटेड इंस्ट्रूमेंट सेंटर (एसआइसी) पहली बार स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए समर कैंप की शुरुआत की। 8वीं से 12वीं तक के स्कूल स्टूडेंट्स के साथ कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हो रहे डवलपमेंट से रूबरू कराया जाएगा। छात्रों के साथ छात्राओं को एसआइसी का टूर कराएंगे, जिसमें जटिल उपरकरणों की जानकारी देंगे। सितंबर 2011 में स्थापित एसआइसी लैब आइआइटी के रिसर्च प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी।

एसआइसी इंचार्ज डॉ. मोबीन शेख ने बताया कि मई और अक्टूबर से जनवरी तक स्टूडेंट्स लैब विजिट कर सकते हैं। यहां सिंगल क्रिस्टल एक्स-रे डायफ्रैक्शन, न्यूक्लीयर मैग्नेटिक रेजोनेंस, मास स्पेक्ट्रोमेट्री, एटोमिक फोर्स माइक्रोस्कोपी, एलीमेंटल एनालिसिस, सिंगल मोलिक्यूल इमेजिंग के जरिए अकादमी और इंडस्ट्रीज को उच्चतम क्वालिटी के डेटा दिए जाते हैं। इन उपकरणों से इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री, ऑर्गेनिक केमेस्ट्री, ऑर्गेनोमेटेलिक केमेस्ट्री, मटेरियल साइंस, बायो साइंस एंड इंजीनियरिंग आदि से जुड़े रिसर्च होते हैं।

**Patrika (Plus Page No 03), 17.04.2018**